सार समाचार

अब्बासी को 13 दिन की हिरासत में भेजा

इस्लामाबाद, वार्ता। तरल प्राकृतिक गैस (एनएनजी) भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान पीपल्स पार्टी नवाज के नेता शाहिद खाकान अब्बासी को इस्लामाबाद स्थित एक जबावदेही अदालत ने शुक्रवार को 13 दिन की हिरासत में भेज दिया। अब्बासी को राष्ट्रीय जबावदेही ब्यूरो(नैब) ने गुरुवार को गिरफ्तार किया था। पूर्व प्रधानमंत्री को हिरासत की अवधि पूरी होने पर एक अगस्त को अदालत के समक्ष पेश किया जायेगा।

काबुल में विस्फोट चार की मौत

काबुल, वार्ता। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में शुक्रवार को काबुल यूनिवर्सिटी के बाहर हुए विस्फोट में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गये। मंत्रालय के प्रवक्ता वाहिदुल्लाह मायर ने एक ट्वीट में जानकारी दी कि, "काबुल में आज हुए विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गये।" गृह मंत्रालय के प्रवक्ता नसरत रहीमी ने फेसबुक पर लिखा कि विस्फोट में यूनिवर्सिटी के पश्चिमी गेट को निशाना बनाया गया। अधिकारी ने बताया कि विस्फोट सुबह सात बजकर 10 मिनट पर हुआ जब मास्टर डिग्री परीक्षा के लिए बड़ी संख्या में छात्र इकट्ठा हुए थे। घायलों में एक लड़की भी शामिल है। अभी तक किसी भी आतंकवादी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

अमेरिका में भारतीय मूल की महिला को तीन साल की कैद

न्यूयॉर्क, भाषा। भारतीय मूल की 51 वर्षीय महिला को बिना दस्तावेज के सैकड़ों लोगों को मानव तस्करी के माध्यम से अमेरिका में लाने के जुर्म में तीन साल की जेल की सजा सुनाई गई और उस पर 70 लाख डॉलर से अधिक का जुर्माना लगाया। जिन लोगों इस तरह अमेरिका लाया जाता था, उनमें से ज्यादातर भारत के होते थे और उनसे इसके बदले में 28,000 डॉलर से 60,000 डॉलर प्रति व्यक्ति लिए जाते थे।

पाक जाधव को राजनयिक पहुंच प्रदान करेगा

पाकिस्तान भारतीय राजनयिकों को देश के कानूनों के अनुरूप उसकी जेल में बंद भारत के नागरिक कुलभूषण जाधव से देश के कानूनों के मुताबिक मिलने की अनुमति देगा।



इस्लामाबाद ■ वार्ता

पाकिस्तान भारतीय राजनयिकों को देश के कानूनों के अनुरूप उसकी जेल में बंद भारत के नागरिक कुलभूषण जाधव से देश के कानूनों के मुताबिक मिलने की अनुमति देगा।

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने गुरुवार देर रात विज्ञप्ति जारी कर कहा, "अंतरराष्ट्रीय अदालत के आदेशों का अनुसरण करते हुए भारतीय नौसेना के पूर्व कमांडर जाधव को वियना संधि के अनुच्छेद 36 (1) (बी) के तहत उनके अधिकार के बारे में बताया गया है। पाकिस्तान देश के कानूनों के मुताबिक कुलभूषण जाधव को राजनयिक पहुंच प्रदान करेगा।"

गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय अदालत ने बुधवार को पाकिस्तान को श्री जाधव को राजनयिक पहुंच प्रदान करने का आदेश दिया था। न्यायालय ने कहा कि पाकिस्तान ने श्री जाधव को वकील की सुविधा उपलब्ध न कराकर वियना संधि के अनुच्छेद 36 (1) का उल्लंघन किया है और उनकी फांसी की सजा पर तब तक रोक लगी रहनी चाहिए जब तक कि पाकिस्तान अपने फैसले पर पुनर्विचार और उसकी प्रभावी समीक्षा नहीं कर लेता।

श्री जाधव को कथित रूप से तीन मार्च 2016 को गिरफ्तार किया गया और पाकिस्तान के विदेश सचिव ने इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायुक्त को 25 मार्च को इस गिरफ्तारी की जानकारी दी। पाकिस्तान ने इस पर कोई सफाई भी नहीं दी कि श्री जाधव की गिरफ्तारी की जानकारी देने में तीन सप्ताह से अधिक समय क्यों लगा।

पाकिस्तान ने जासूसी का आरोप लगाते हुए श्री जाधव को फांसी की सजा सुनाई थी। पाकिस्तान का दावा है कि जाधव को पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने तीन मार्च 2016 को जासूसी और आतंकवाद के आरोप में बलूचिस्तान से गिरफ्तार किया था। पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने जासूसी के आरोप में श्री जाधव को अप्रैल 2017 में मौत की सजा सुनाई थी जिसके खिलाफ भारत ने मई 2017 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में अपील की थी।

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में श्री जाधव का मुकदमा लड़ने वाले भारत के जाने-माने वकील हरीश साल्वे ने फैसला आने के बाद पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अगर उसने श्री जाधव के मामले में फिर कोई फर्जीवाड़ा करने की कोशिश की तो उसे दोबारा अंतरराष्ट्रीय अदालत में घसीटा जाएगा तथा उस पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध भी लगाये जा सकते हैं।

अमेरिका के ईरानी ड्रोन मार गिराने के बाद खाड़ी में तनाव

तेहरान ■ एएफपी

अमेरिका की ओर से ईरान का एक ड्रोन मार गिराए जाने के दावे के बाद खाड़ी क्षेत्र में शुक्रवार को तनाव बढ़ गया। अमेरिका ने कहा कि हरमुज जलडमरूमध्य के प्रवेश पर अमेरिकी नौसैन्य पोत के लिए खतरा पैदा होने के बाद ईरान के ड्रोन को मार गिराया गया।

ऐसा माना जा रहा है कि ईरान और अमेरिका के बीच घटी कई गंभीर घटनाओं के बाद ईरान के खिलाफ अमेरिकी सेना की यह पहली कार्रवाई है।

पेंटागन के मुख्य प्रवक्ता जोनाथन होफ्फमैन ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस बॉक्सर ने पोत एवं उसके चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह "रक्षात्मक कदम उठाया।"

उधर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, "अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में पोतों के संचालन के खिलाफ यह ईरान के उकसावे एवं शत्रुतापूर्ण हरकतों में से सबसे नयी घटना है।"

ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका अपने कर्मियों, संस्थाओं एवं हितों की रक्षा का अधिकार रखता है। साथ ही उन्होंने सभी देशों से ईरान की इस हरकत की निंदा करने की भी अपील की जिसके बारे में उनका कहना है कि यह नौवहन एवं वैश्विक वाणिज्य की स्वतंत्रता को बाधित करने का ईरान का प्रयास है। लेकिन ईरान ने अपने किसी भी ड्रोन के मार गिराए जाने की घटना से इनकार किया है।

संवाद समिति 'तस्नीम' के मुताबिक सशस्त्र बलों के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अबुलफजल शेकार्ची ने ट्रंप के बयान को "निराधार एवं भ्रामक दावे" बताया।

संवाद समिति ने उनके हवाले से कहा, "अमेरिकी यूएसएस बॉक्सर के साथ किसी झड़प की कोई खबर नहीं है।" ईरान के विदेश उपमंत्री अब्बास अरागची ने ट्वीट किया, "हरमुज जलडमरूमध्य या कहीं भी हमारा कोई ड्रोन नहीं मार गिराया गया है। मुझे फिक्र है कि यूएसएस बॉक्सर ने कहीं गलती से अपना ही ड्रोन तो नहीं मार गिराया।''

जाहिर तौर पर यह मुकाबला ऐसे समय में देखने को मिल रहा है जब ईरान ने रविवार को जब्त किए एक "विदेशी टैंकर" और उसके चालक दल के 12 सदस्य को ईंधन की कथित तौर पर तस्करी करने के लिए गिरफ्तार किए जाने का बचाव किया है।

इससे पहले क्षेत्र में कई टैंकरों में विस्फोटक लगाने और अन्य कई घटनाओं को अंजाम देने का आरोप ईरानी बलों पर लगा है जिसके बारे में अमेरिका का कहना है कि यह सीरिया और यमन में ईरान के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है।

पाक को हवाई क्षेत्र बंद करने से 850 करोड़ का नुकसान

कराची ■ वार्ता

भारत की तरफ से की गयी 'बालाकोट एयरस्ट्राइक' के बाद हवाई क्षेत्र बंद करने से पाकिस्तान के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएसएस) को साढ़े आठ अरब रुपए का भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

पाकिस्तान के उड्डयन मंत्री गुलाम सरवर खान ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस वर्ष पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले पर हमले के बाद भारत की वायुसेना से बालाकोट स्थित आतंकवादी अड्डे पर एयर स्ट्राइक की जिसके बाद पाकिस्तान ने भारत के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था ।

सीएसएस के मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री खान ने कहा " हमारी पूरे उड्डयन उद्योग को यह भारी नुकसान था, किंतु रोक की वजह से पाकिस्तान की बजाय भारत को ज्यादा कठिनाई झेलनी पड़ी। भारत का नुकसान हमसे लगभग दुगना था,किंतु इस माहौल में दोनों देशों के लिए सौहाद्र जरुरी है।"

पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की माली हालत का जिक्र करते हुए श्री खान ने कहा कि इमरान खान सरकार की प्राथमिकता सरकारी एयरलाइंस का पुनरोद्धार करना है। सरकार का इरादा पीआईए के बेड़े को चरणबद्ध ढंग से बढ़ाकर 45 विमान करने का है । वर्ष 2025 तक 14 नये विमान इसके बेड़े से जोड़े जायेंगे।

भारत-अमेरिका संबंध अच्छी स्थिति में हैं : श्रृंगला

न्यूयॉर्क, भाषा। अमेरिका में भारत के राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध बहुत अच्छे हैं और दोनों देश रिश्तों की गति आगे ले जाने और द्विपक्षीय संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने के लिए घनिष्ठता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आर्थिक विकास की बात आती है तो अमेरिका, भारत का अहम साझेदार है। उन्होंने यहां पीटीआई-भाषा से कहा, ''हम मेक इन इंडिया कार्यक्रम के लिए सहयोग के जरिए निवेश, प्रौद्योगिकी, रोजगार पैदा करने पर ध्यान दे रहे हैं। हमारी अमेरिका के साथ सामरिक साझेदारी भी है। हम सामरिक सहयोग के वृहद प्लेटफॉर्म पर वाशिंगटन के साथ काम कर रहे हैं। सामरिक सहयोग में हिंद-प्रशांत सहयोग भी शामिल है।'' श्रृंगला ने कहा कि भारत में अमेरिका का निवेश तकरीबन 50 अरब डॉलर है और ''हम कई क्षेत्रों में और निवेश की उम्मीद कर रहे हैं।'' भारतीय राजदूत ने इस सप्ताह न्यूयॉर्क की संक्षिप्त यात्रा की थी जो काफी सार्थक रही। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने पिछले महीने नयी दिल्ली की यात्रा की थी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच ओसाका में जी-20 शिखर सम्मेलन के इतर बैठक का मंच तैयार किया गया।

नैब को झटका: मरयम के खिलाफ याचिका खारिज

इस्लामाबाद ■ वार्ता

राष्ट्रीय जबावदेही ब्यूरो (नैब) को शुक्रवार को उस समय तगड़ा झटका लगा जब जबावदेही अदालत ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज की उपाध्यक्ष मरयम नवाज के खिलाफ ऐवनफील्ड मामले में नैब की याचिका खारिज कर दी।

मरयम नवाज अदालत के समक्ष पेश होने के लिए लाहौर से इस्लामाबाद आईं थी। इस माह के शुरू में जबावदेही अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने मरयम नवाज को पेश होने के लिए समन किया था। यह समन नैब की उस याचिका पर भेजा गया था जिसमें ब्यूरो ने दावा किया था कि मरयम नवाज की तरफ से इस मामले में प्रस्तुत की गई डीड फर्जी है। अदालत ने नैब की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि यह सुनवाई के लिए स्वीकार्य नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री की बेटी के अदालत में पेश होने के मद्देनजर परिसर के बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे और अनावश्यक रूप से अदालत में लोगों के प्रवेश पर रोक थी। अदालत परिसर के बाहर पार्टी के एकत्र कार्यकर्ताओं ने अपने नेताओं के पक्ष में नारेबाजी की। पुलिस ने नवाज की पार्टी के सात कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार भी किया ।

अदालत के बाहर मीडिया से बातचीत में मरयम नवाज ने कहा कि वह इमरान खान सरकार को पांच साल चलने देना चाहती हैं लेकिन देश की जनता यह नहीं चाहती है। मरयम नवाज की अदालत में पेशी पूर्व प्रधानमंत्री और पार्टी के नेता शाहिद खाकान अब्बासी की नैब के तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) मामले में नैब की गिरफ्तारी के एक दिन बाद थी।

आर्थिकी/कंपनियां

सेंसेक्स 560 अंक लुढ़ककर दो महीने के निचले स्तर पर

मुंबई ■ वार्ता

कमजोर निवेश धारणा के बीच घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन चौतरफा लिवाली देखी गयी और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को 560.45 अंक यानी 1.44 प्रतिशत लुढ़ककर 38,337.01 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 177.65 अंक यानी 1.53 प्रतिशत की गिरावट में 11,419.25 अंक पर रहा। यह दोनों प्रमुख सूचकांकों का 17 मई के बाद का निचला स्तर है। इससे पहले गुरुवार को भी सेंसेक्स 318 अंक और निफ्टी 91 अंक लुढ़का था।

वाहन समूह में सबसे ज्यादा सवा तीन प्रतिशत की गिरावट देखी गयी। वित्त, बैंकिंग और सीडीजीएंडएस समूहों में भी दो प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। सेंसेक्स में महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सर्वाधिक सवा चार प्रतिशत से अधिक का नुकसान उठाया। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच सेंसेक्स 161.27 अंक की बड़ी बढ़त के साथ 39,058.73 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर रहा। घरेलू स्तर पर निवेशकों की कमजोर धारणा के कारण कुछ ही मिनट में लाल निशान में उतर गया। समय के साथ बाजार की गिरावट बढ़ती गयी। कारोबार की समाप्ति से पहले 38,271.35 अंक के दिवस के निचले स्तर को छूने के बाद यह गत दिवस के मुकाबले 560.45 अंक लुढ़ककर 38,337.01 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 26 कंपनियों में गिरावट रही।

निफ्टी 31.05 अंक की तेजी में 11,627.95 अंक पर खुला और कुछ ही देर में 11,640.35 अंक के दिवस के उच्चतम स्तर पर पहुँच गया। इसके बाद यहाँ भी बिकवाली हावी हो गयी। कारोबार के दौरान 11,399.30 अंक के दिवस के निचले स्तर तक उतरने के बाद अंततः यह गत दिवस की तुलना में 177.65 अंक नीचे 11,419.25 अंक पर रहा। निफ्टी की 50 में से 43 कंपनियों में बिकवाली हावी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में गिरावट ज्यादा रही। बीएसई का मिडकैप 1.99 प्रतिशत लुढ़ककर 14,078.34 अंक पर और स्मॉलकैप 1.83 प्रतिशत टूटकर 13,310.35 अंक पर आ गया। बीएसई में कुल 2,671 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,919 कंपनियों के शेयर लाल निशान में तथा 619 के हरे निशान में रहे जबकि अन्य 133 कंपनियों के शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

मदर डेयरी 40 रुपये किलो मिलेगा टमाटर

नई दिल्ली, वार्ता। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रसोईघर की शान माने जाने वाले टमाटर के मूल्य पर नियंत्रण कें लिए सरकार ने मदर डेयरी को गुणवत्तापूर्ण टमाटर 40 रुपये प्रति किलो की दर से उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। अंतर मंत्रालय समिति की उच्च स्तरीय बैठक के बाद मदर डेयरी की फल एवं सब्जी इकाइयों पर टमाटर 40 रुपये प्रति किलों की दर से उपलब्ध कराने को कहा गया । बैठक की अध्यक्षता उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव अविनाश कुमार श्रीवास्तव ने की । बैठक में टमाटर की उपलब्धता तथा उसके मूल्य की समीक्षा की गयी । बैठक में मदर डेयरी से बाजार में टमाटर की उपलब्धता बढ़ाने को कहा गया ताकि लोगों को यह आसानी से उपलब्ध हो सके।

दिल्ली सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराने कों कहा गया है जिससे बाजार में टमाटर की उपलब्धता बढे जिससे इसके बढ रहे मूल्य पर नियंत्रण हो।

बागवानी विभाग का मानना है कि मूल्य में वृद्धि कुछ समय के लिए है और जल्दी ही इसकी आपूर्ति बढ जायेगी। वर्षा के कारण बाजार में टमाटर की आपूर्ति बाधित हुयी है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजधानी के कुछ अतिमहत्वपूर्ण इलाकों में टमाटर का मूल्य 100 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया था। कॉलोनियों में भी इसका मूल्य 60 से 70 रुपये प्रति किलो हो गया था।

डॉबर का मुनाफा 10 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली, वार्ता। रोजमर्रा की उपभोक्ता वस्तुयें बनाने वाली कंपनी डॉलर इंडिया लिमिटेड ने इस वर्ष जून में समाप्त पहली तिमाही में 363 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ अर्जित किया जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 329 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 10.3 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद शुक्रवार को यहां जारी बयान में कहा कि इस तिमाही में उसका सकल राजस्व 2273 करोड़ रुपये रहा।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता (जलग्रहण) खण्ड चतुर्थ, जहाजपुर

क्रमांक :– IWMP-025/JSA/2019-20/78 दिनांक :– 16.07.2019

—:: अल्पकालीन निविदा सूचना ::—

IWMP-025 एवं जल शक्ति अभियान के प्रथम चरण में सम्मिलित ग्राम पंचायत अमरगढ़, मनोहरपुरा, खजूरी ग्राम हेतु राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर चारागाह विकास कार्य के लिए दो साल की गारन्टी सहिम सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के राजकीय विभागों तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/नगर विकास एवं राज्य सरकार के पंजीकृत है, से निम्नलिखित कार्यो हेतु अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम	अनुमानित राशि (लाखों में)	निविदा शुल्क	धरोहर राशि (रू. में)
(अ) चारागाह विकास कार्य (सोलर पेनल, सबमर्सिबल पम्प एवं ड्रीप सिस्टम)	21.80	500/–	43586
(स) चारागाह विकास कार्य (कांटेदार तार फेंसिग मय प्रवेश द्वार)	7.53	500/–	15059
निविदा फॉर्म मिलने की तारीख	16.07.19 सांय 04:00 बजे से 23.07.19 सांय 5:00 तक		
निविदा फॉर्म जमा कराने की तारीख	23.07.19 सांय 05:00 बजे तक		
धरोहर राशि जमा कराने की तारीख	24.07.19 प्रातः 11:00 बजे		
निविदा खोलने की तारीख	24.07.19 सांय 04:00 बजे		

निविदा से सम्बंधित समस्त विवरण वेबसाईट sppp.raj.nic.in व विभाग की वेबसाईट www.watershed.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN :- WSC1920WSOB00547

अधिशाषी अभियन्ता जलग्रहण
प0स0 जहाजपुर (भीलवाड़ा)

DIPR/C/5812/2019

टायटन बायोटेक लिमिटेड

पंजी. कार्यालय: ए-902ए, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-111, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
फोन: 011-71239900, फैक्स: +91-11-47619811
ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com वेबसाईट: www.titanbiotechltd.com CIN L74999RJ1992PLC013387

30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का विवरण

(रू लाखों में) ईपीएस को छोडकर

क्र. सं.	विवरण	कंसोलिडेटेड			
		समाप्त तिमाही			समाप्त वार्षिक
		30.06.2019	31.03.2019	30.06.2018	31.03.2019
		अनंकेक्षित	अंकेक्षित	अनंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	2,220.54	1,751.30	1,590.00	6,559.45
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर, असाधारण और असाधारण वस्तुओं से पहले)	359.84	109.44	132.09	554.41
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	359.84	109.44	132.09	554.41
4	टैक्स के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	259.73	68.26	95.86	391.23
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ) (नुकसान) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (टैक्स के बाद) (नोट 3 देखें)	259.73	78.04	95.86	401.01
6	पेड-अप इक्वटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	773.87	826.37
7	पिछले लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार रिवैल्यूएशन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व	-	-	-	2,391.26
8	प्रति शेयर आय (रू. 10/- प्रत्येक) (ए) बेसकि (बी) डायल्यूटिड	2.37 2.37	0.80 0.80	1.12 1.12	4.26 4.26

30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित स्टैन्डलोन वित्तीय परिणामों का विवरण

(रू लाखों में) ईपीएस को छोडकर

क्र. सं.	विवरण	स्टैन्डलोन			
		समाप्त तिमाही			समाप्त वार्षिक
		30.06.2019	31.03.2019	30.06.2018	31.03.2019
		अनंकेक्षित	अंकेक्षित	अनंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	1,755.38	1,560.17	1,461.44	5,889.18
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर, असाधारण और असाधारण वस्तुओं से पहले)	170.34	96.22	104.65	435.58
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	170.34	96.22	104.65	435.58
4	टैक्स के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	122.95	63.22	75.56	308.04
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ) (नुकसान) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (टैक्स के बाद) (नोट 3 देखें)	122.95	72.83	75.56	317.65
6	पेड-अप इक्वटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37
7	पिछले लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार रिवैल्यूएशन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व	-	-	-	2,339.54
8	प्रति शेयर आय (रू. 10/- प्रत्येक) (ए) बेसकि (बी) डायल्यूटिड	1.49 1.49	0.77 0.77	0.98 0.98	3.73 3.73

नोट्स:

1. उपरोक्त 30 जून, 2019 को समाप्त हुए तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम के विस्तृत स्वरूप का एक अर्क है। सेबी (नियमन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 की बीएसई लिमिटेड के तहत विनियमन 33 के तहत दायर की गई। बीएसई की वेबसाइट पर 30 जून, 2019 को समाप्त हुए तिमाही के वित्तीय परिणामों का प्रारूप उपलब्ध है www.bseindia.com पर और कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com पर सीमित है।
2. 30.06.2019 को समाप्त तिमाही के लिए उपरोक्त ऑडिट किए गए वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 18 जुलाई, 2019 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में रिकॉर्ड पर लिया गया है। वैधानिक लेखा परीक्षक ने वित्तीय वक्तव्यों का लेखा परीक्षण किया है और एक अयोग्य ऑडिट राय वयक्त की है।
3. वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत कंपनियों (भारतीय लेखा मानक) नियमावाली 2015 (संशोधित) में निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों (इंडस्ट्रीज़ एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं (आमतौर पर भारत में स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांत)

कृते और निदेशक मंडल की ओर से
कृते टायटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
नरेश कुमार सिंगला
प्रबंध निदेशक

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 18.07.2019

सेल जीईएम के साथ समझौता करने वाला देश का पहला पीएसयू

नई दिल्ली ■ वार्ता

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) देश का पहला ऐसा सार्वजनिक उपक्रम बन गया है, जिसने वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के साथ समझौता किया है।

सेल ने गुरुवार को भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग की गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के इस समझौते पर हस्ताक्षर किया है। यह पहल जेम पोर्टल पर वस्तुओं और सेवाओं की खरीददारी को और अधिक बढ़ावा देगा और इससे इस माध्यम का और अधिक विस्तार होगा।सेल अध्यक्ष श्री अनिल कुमार चौधरी ने जीईएम को डिजिटल इण्डिया और सार्वजनिक खरीददारी में पारदर्शिता का बड़ा माध्यम बताते हुए कहा, "सेल हमेशा से सरकार के डिजिटल, पारदर्शी

और कैशलेश इकोनॉमी की हर पहल को लागू करने में अग्रणी रहा है। सेल का जीईएम के साथ यह समझौता इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। सेल का अधिक से अधिक प्रयास होगा कि वह ज़रूरी वस्तुओं और सेवाओं की ख़रीददारी जीईएम पोर्टल के जरिये ही करे।"

जीईएम एक राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीददारी पोर्टल है, जो अपने अधिकृत कार्यालयों के जरिये केंद्रीय और राज्य सरकार के मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, ऑटोनामस और लोकल बॉडीज द्वारा सामान्य वस्तुओं और सेवाओं की सीधी खरीददारी के लिए ऑनलाइन मार्केटप्लेस की सुविधा प्रदान करता है। इसका प्रबंधन जीईएम-स्पेशल पर्पस व्हीकल (एसपीवी) द्वारा किया जाता है, जो एक गैर-लाभकारी रजिस्टर्ड कंपनी है।

चौधरी ने केंद्र सरकार के इस्पात सचिव बिनय कुमार और वाणिज्य सचिव डॉ. अनूप वधावन की उपस्थिति में जीईएम के एडिशनल सीईओ श्री एस सुरेश कुमार के साथ समझौता ज्ञापन के दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर इस्पात मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, जीईएम तथा सेल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस समझौते के अनुसार सेल की जीईएम के साथ पूरी ख़रीददारी को जीईएम-एसपीवी प्रबंधित करेगा, जिसके लिए सेल में एक साल के लिए जीईएम-आर्गेनाइजेशन ट्रांसफोर्मिंग टीम (जीओटीटी) की परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) काम करेगी।